Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

بِسۡمِ اللّٰہِ الرَّحۡمٰنِ الرَّحِیۡمِ نَحۡمَدُہٗ وَنُصَلِّیۡ عَلٰی رَسُوۡلِہِ الۡکَرِیۡمِ وَعَلٰی عَبۡدِہِ الۡمَسِیۡحِ الۡمَوۡعُوۡد

وَلَقَدۡ نَصَرَکُمُ اللّٰہُ بِبَدۡرٍ وَّاَنۡتُمۡ اَذِلَّۃٌ

**अल्लाह तआला का आदेश**

وَاِنۡ تَعُدُّوۡا نِعۡمَۃَ اللّٰہِ لَا تُحۡصُوۡہَا ؕ اِنَّ اللّٰہَ لَغَفُوۡرٌ رَّحِیۡمٌ ○

सूरः नहल, आयत : 19

अनुवाद: और अगर तुम अल्लाह की नेमतों को गिनना चाहो तो उन्हें (पूरी तरह) गिन नहीं सकोगे। निसन्देह अल्लाह बहुत बख़्शने वाला (और) बार-बार रहम करने वाला है।

वर्ष- 9
अंक - 44-45
मूल्य
600 रुपए
वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान

# बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

27 रबी उल् सानी , 1446 हिज्री कमरी, 31-07 ईखा 1403 हिज्री शम्सी, 31-07 नवंबर 2024 ई.

## अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़ज़ल नाज़िल करता रहे। आमीन

## आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की वाणी

अच्छी और लाभदायक चीज़ उधार देने का सवाब

{2629} हज़रत अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया: दूध देने वाली ऊँटनी जो ख़ूब दूध देती हो, उसे देना कितना अच्छा तोहफ़ा है, और उसी तरह वह बकरी भी जो ख़ूब दूध देती हो। जो सुबह जाते वक्त एक बर्तन भरकर दूध दे और शाम को वापस आकर भी एक बर्तन भरकर दूध दे।

{2631} हज़रत अब्दुल्लाह बिन अम्र रज़ियल्लाहु अन्हुमा से रिवायत है कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया: अच्छी आदतें चालीस हैं। उनमें से सबसे ऊँची आदत यह है कि दूध देने वाली बकरी को उधार देना। जो भी इन आदतों में से किसी पर भी अमल करता है, और अल्लाह के वादे के सवाब पर यक़ीन रखता है, तो अल्लाह उसे उसकी इस उम्मीद और यक़ीन की वजह से जन्नत में दाख़िल करेगा। हसन कहते थे : हमने दूध देने वाली बकरी के तोहफ़े के अलावा दूसरी आदतों की गिनती की, जैसे सलाम का उत्तर देना, छींकने पर दुआ करना, और रास्ते से तकलीफ़ देने वाली चीज़ हटाना। इस तरह की और भी बातें, लेकिन हम पंद्रह आदतों तक ही गिनती पूरी कर सके।

(सहीह अल्-बुख़ारी, भाग 4, किताब अल्-हिबा)

★ ★ ★

याद रखो ! ख़ुदा पर ईमान बड़ी चीज़ है

## हज़रत अकदस मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम का उपदेश

### सहाबा का ईमान

मैं फिर सहाबा की हालत को मिसाल के तौर पर पेश करके कहता हूँ कि उन्होंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पर ईमान लाकर अपनी अमली हालत में दिखाया कि वह ख़ुदा जो सबसे छुपा हुआ है और जो ग़लत राह पर चलने वाली मख़लूक़ की नज़रों से छिपा और पोशीदा है, उन्होंने अपनी आँखों से, हाँ, आँखों से देख लिया। वरना बताओ तो सही, वह क्या बात थी जिसने उन्हें ज़रा भी परवाह नहीं करने दी कि क़ौम छोड़ी, मुल्क छोड़ा, जायदादें छोड़ीं, दोस्तों और रिश्तेदारों से ताल्लुक़ तोड़ा। वह सिर्फ़ ख़ुदा पर भरोसा था, और एक ख़ुदा पर भरोसा करके उन्होंने वह कर दिखाया कि अगर तारीख़ की किताबें पलटी जाएँ तो इंसान हैरत और ताज्जुब से भर जाता है।

ईमान था और सिर्फ़ ईमान था, और कुछ नहीं था। वरना सामने दुनियादारों के मंसूबे, तदबीरें, पूरी कोशिशें और सरगर्मियाँ थीं, पर वे कामयाब नहीं हो सके। उनकी तादाद, जमाअत, दौलत सब कुछ ज़्यादा था, परंतु ईमान नहीं था। और सिर्फ़ ईमान के न होने की वजह से वे तबाह हो गए और कामयाबी की सूरत न देख सके। परंतु सहाबा ने ईमानी ताक़त से सबको जीत लिया।

उन्होंने जब उस शख़्स की आवाज़ सुनी जिसने अनपढ़ होने की हालत में परवरिश पाई थी, परंतु अपने सच्चाई, अमानत और दयानतदारी में मशहूर था, जब उसने कहा कि मैं अल्लाह त'आला की तरफ़ से आया हूँ, यह सुनते ही साथ हो गए और फिर दीवानों की तरह उसके पीछे चल पड़े। मैं फिर कहता हूँ कि वह सिर्फ़ एक ही बात थी जिसने उनकी यह हालत बना दी और वह ईमान था।

याद रखो ! ख़ुदा पर ईमान बड़ी चीज़ है।

शेष पृष्ठ 10 पर

जब भी कोई नबी आता है और वह लोगों की सुधार की तजवीजें (प्रस्ताव) पेश करता है, तो शैतान उसके रास्ते में रुकावटें डालने लगता है। लेकिन इसका नतीजा यह होता है कि मुनाफिक (दिखावे के मुसलमान) और कमज़ोर ईमान वाले लोग अलग हो जाते हैं, और अल्लाह तआला अपने सिलसिले को और भी मजबूत और शानदार बना देता है।

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु, सूरः अल्-हज की आयत नंबर : 56 की तफ़्सीर में फ़रमाते हैं:

अब प्रश्न यह पैदा होता है कि अल्लाह तआला शैतान को नबियों के रास्ते में रुकावट डालने क्यों देता है? इसका उत्तर देते हुए अल्लाह तआला फ़रमाता है कि हम ऐसा इसलिए करते हैं ताकि इन शैतानी फितनों के द्वारा नबियों की जमाअतें हर तरह की मुनाफिकत और बेईमानी रखने वालों से पाक हो जाएं, और दुश्मनों की अदावत (दुश्मनी) लोगों के सामने ज़ाहिर हो जाए। जब शैतान रुकावटें पैदा करता है, तो जिन लोगों के दिलों में बुराई होती है और जिनके दिल सख़्त होते हैं, वे उसकी बात मान लेते हैं और व्यर्थ मे ईमान वालों पर ज़ुल्म करने लगते हैं। इस तरह कमज़ोर ईमान वालों की कमज़ोरी और दुश्मनों की दुश्मनी दोनों ज़ाहिर हो जाती हैं। साथ ही यह भी पता चल जाता है कि इस्लाम के दुश्मन कितने ज़िद्दी और विरोधी हैं, और यह भी साफ हो जाता है कि जो लोग सच्चे ईमान वाले होते हैं, वे शैतानों की शरारतों से डरते नहीं हैं, बल्कि उनके ईमान में और भी इज़ाफ़ा हो जाता है। और इस तरह अल्लाह तआला उन्हें हिदायत (सही मार्ग) में बढ़ाता चला जाता है।

इस आयत में अल्लाह तआला ने यह कानून वर्णन किया है कि जब भी कोई नबी आता है और वह लोगों की सुधार की तजवीजें पेश करता है, तो शैतान उसके रास्ते में रुकावटें डालता है। लेकिन इसका नतीजा यह होता है कि मुनाफिक और कमज़ोर ईमान वाले लोग अलग हो जाते हैं, और अल्लाह तआला अपने सिलसिले की मज़बूती और उसकी महानता को और भी बढ़ा देता है।

अब इन मानों पर गौर करो और देखो कि यह माने समस्त नबियों पर आम तौर पर और मोहम्मद

शेष पृष्ठ पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

# ख़ुत्बः जुमअः

नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के जानिसार सहाबा का भी आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से इश्क़ और वफ़ा का अजीब अंदाज़ था।

किस तरह वे अपनी जानें पेश कर रहे थे, और दूसरी तरफ हम देखते हैं कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपनी ज़ात पर उन सबको तरजीह दे रहे थे।

ऐसे बहादुर कि अपनी जान की कोई परवाह नहीं, बल्कि अहल-ए-मदीना (मदीना के लोगों) की फिक्र थी। इसके लिए अक्सर खुद हर जगह मौजूद रहते थे। और कभी-कभी जब आराम करने के लिए ख़ेमे में तशरीफ लाते भी थे, तो उसका ज़्यादातर हिस्सा अल्लाह के हुज़ूर सजदा करके और दुआएं करते हुए गुज़ारते थे

ग़ज़वा-ए-अहज़ाब के दौरान पेश आने वाले कुछ वाक़यात का वर्णन

लज्ना इमाए इल्लाह और मजलिस अंसारुल्लाह (यू.के) को सालाना इजलास के दौरान दुआओं में वक्त गुज़ारने और दरूद शरीफ का विर्द (जप) करने की तल्कीन (प्रेरणा)

**ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 27 सितंबर 2024 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)**

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ اِيَّاكَ نَعْبُدُ وَ اِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ اَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

जैसा कि मैंने पिछले ख़ुत्बे में भी वर्णन किया था कि हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु ने भी उन हालात का वर्णन फ़रमाया है जो जंग-ए-अहज़ाब में पेश आए। इसकी तफ़सील वर्णन करता हूँ। आप रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं, 'चूँकि मदीना का एक काफ़ी हिस्सा खंदक से महफ़ूज़ था और दूसरी तरफ़ कुछ पहाड़ी टीले, कुछ पक्के मकान और कुछ बाग़ात इत्यादि थे, इसलिए फौज एकदम हमला नहीं कर सकती थी। इसलिए उन्होंने मशवरा करके यह तजवीज़ दी,' अर्थात काफ़िरों ने, 'कि किसी तरह यहूद का तीसरा क़बीला, जो अब तक मदीना में बाक़ी था और जिसका नाम बनू क़ुरैज़ा था, उसे अपने साथ मिला लिया जाए और इस के द्वारा से मदीना तक पहुँचने का रास्ता खोला जाए।'

इसलिए मशवरे के बाद, हुई इब्न अख़्तब, जो देशनिकाला झेल रहे बनू नज़ीर का सरदार था और जिसकी साज़िशों की वजह से सारा अरब मदीना पर हमला करने के लिए इकट्ठा हुआ था, उसे काफ़िरों की फ़ौज के कमांडर अबू सुफ़ियान ने यह ज़िम्मेदारी दी कि किसी भी तरह बनू क़ुरैज़ा को अपने साथ शामिल किया जाए। हुई इब्न अख़्तब यहूदियों के क़िलों की तरफ़ गया और उसने बनू क़ुरैज़ा के सरदारों से मिलने की कोशिश की। पहले तो उन्होंने मिलने से इन्कार किया, लेकिन जब उसने उन्हें समझाया कि 'इस समय सारा अरब मुसलमानों को तबाह करने के लिए आया है और यह बस्ती किसी भी सूरत में पूरे अरब का मुक़ाबला नहीं कर सकती। इस समय जो लश्कर मुसलमानों के सामने खड़ा है, उसे लश्कर नहीं बल्कि एक उफ़नता हुआ समंदर कहना चाहिए,' तो इन बातों से उसने बनू क़ुरैज़ा को आख़िरकार ग़द्दारी और मुआहिदा-शिकनी पर राज़ी कर लिया।

फैसला हुआ कि काफ़िरों का लश्कर सामने की तरफ़ से खंदक पार करने की कोशिश करेगा और जब वह खंदक पार करने में कामयाब हो जाएगा, तो बनू क़ुरैज़ा मदीना के उस हिस्से पर हमला करेंगे जहाँ औरतें और बच्चे थे, जो बनू क़ुरैज़ा पर भरोसा करके बिना हिफ़ाज़त के छोड़ दिए गए थे। इस तरह मुसलमानों की मुक़ाबले की ताक़त पूरी तरह से कुचल दी जाएगी। और एक ही समय में मुसलमान मर्द, औरतें, और बच्चे सब मार दिए जाएंगे। यह यक़ीनी था कि अगर इस तदबीर में थोड़ी भी कामयाबी काफ़िरों को मिल जाती, तो मुसलमानों के लिए कोई भी सुरक्षित जगह बाक़ी नहीं रहती।

बनू क़ुरैज़ा मुसलमानों के हलीफ़ (मित्र) थे, और अगर वह खुले तौर पर जंग में शामिल न भी होते, तब भी मुसलमानों को यह उम्मीद थी कि उनकी तरफ़ से होकर मदीना पर कोई हमला नहीं हो सकेगा। इसी वजह से उनकी तरफ़ का हिस्सा पूरी तरह से महफ़ूज़ नहीं रखा गया था। बनू क़ुरैज़ा और काफ़िरों ने इस स्थिति का जायज़ा लेते हुए यह फ़ैसला किया था कि जब बनू क़ुरैज़ा काफ़िरों के साथ मिल गए, तो वह खुले तौर पर उनकी मदद न करें ताकि मुसलमान मदीना की इस तरफ़ की हिफ़ाज़त के लिए कोई इंतेज़ाम न कर सकें।' उन्होंने बड़ी चालाकी दिखाई।

यह तदबीर बहुत ही ख़तरनाक थी। मुसलमानों को ग़ाफिल रखते हुए किसी ऐसे वक़्त में बनू क़ुरैज़ा का दुश्मनों के साथ जा मिलना, जब इस्लामी फ़ौज पर काफ़िरों का ज़बरदस्त हमला हो रहा था, मदीना की उस तरफ की हिफ़ाज़त को, जहाँ बनू क़ुरैज़ा के क़िले थे, पूरी तरह से नामुमकिन बना देता।'

(दीबाचा तफ़सीरुल-क़ुरआन, अनवारुल-उलूम, भाग 20, पृष्ठ 272-273)

बहरहाल, इन हालात में मुसलमानों की फ़िक्र स्वाभाविक थी और इसका हल निकालने के लिए भी कोशिश ज़रूरी थी। मदीना की हिफ़ाज़त के लिए पाँच सौ लोगों को तैनात करने का फ़ैसला आपने सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया। सीरतनिगारों ने इसका ब्यौरा इस प्रकार दिया है कि जब बनू क़ुरैज़ा के मुआहिदा तोड़ने की ख़बर मुसलमानों तक पहुँची, तो उनका ख़ौफ़ बढ़ गया और उन्हें औरतों और बच्चों की फ़िक्र होने लगी। मुसलमानों की हालत वही हो गई, जैसा अल्लाह ने फ़रमाया: 'जब वह ऊपर से और नीचे से तुम्हारे पास आए और जब तुम्हारी आँखें पथरा गईं और दिल हलक तक आ पहुँचे, और तुम लोग अल्लाह के बारे में अलग-अलग गुमान करने लगे।' (अल-अहज़ाब : 11)

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम और मुसलमान दुश्मनों का सामना कर रहे थे और मुख़्तलिफ़ जगहों पर बारी-बारी से खंदक की पहरेदारी कर रहे थे। सेरतनिगारों ने खंदक के आठ स्थानों का वर्णन किया है जहाँ पहरा दिया जाता था, और इन सभी का इंचार्ज हज़रत ज़ुबैर बिन अव्वाम रज़ियल्लाहु तआला अन्हु को बनाया गया था।

बनू क़ुरैज़ा ने जब मुआहिदा तोड़कर घेरेबंदी करने वाले क़बीलों से मिल जाने की ख़बरें आनी शुरू हुईं, तो यह मालूम हुआ कि वह किसी भी वक़्त मदीना पर हमला करने वाले हैं। जब यह ख़बर आपको सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को मिली, तो आपने हज़रत सलमा बिन अस्लम रज़ियल्लाहु तआला अन्हु को दो सौ अफ़राद के साथ और हज़रत ज़ैद बिन हारिसा रज़ियल्लाहु तआला

अन्हु को तीन सौ अफ़राद के साथ मदीना की हिफ़ाज़त के लिए तैनात किया और फ़रमाया कि रात में मुख़्तलिफ़ जगहों पर पहरा दें और वक़्तन-फ़वक़्तन 'अल्लाहु अकबर' के नारे लगाते रहें।"

(सबलुल्-हुदा वल्-रिशाद, भाग 4, पृष्ठ 384-385, दारुल-कुतुबुल-इल्मिय्या, बेरूत) (अस्सहीह मिन सीरतन नबी अल्अज़म सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम, पृष्ठ 288, भाग 10, मुदबुआ अल्मर्कज़ुल इस्लामी लिद्दिरासात, बेरूत, 2006)

हज़रत साहबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु ने इसे इस प्रकार वर्णन किया है: "उस समय मदीना का आसमान ज़ाहिरी कारणों से बहुत ही अंधकारमय और घनघोर था। शहर के चारों ओर हज़ारों ख़ूँख़ार दुश्मन डेरा डाले हुए थे, जो हर समय इस ताक में थे कि जैसे ही मौका मिले, मुसलमानों पर हमला कर उन्हें मिटा दें। शहर में मुसलमानों के साथ गद्दार बनू क़ुरैज़ा मौजूद थे, जिनके सैकड़ों सशस्त्र युवा अपने आप में एक वीर सेना से कम नहीं थे और जो जब भी चाहते या अवसर पाते, पीछे से मुसलमानों पर हमला कर सकते थे। और मदीने में मौजूद मुसलमान औरतें और बच्चे हर समय उनके शिकार ही माने जाते थे। इस हालात ने, जिसकी हकीकत किसी भी समझदार व्यक्ति से छिपी नहीं रह सकती, कमज़ोर मुसलमानों में भारी परेशानी और घबराहट पैदा कर दी थी।

मुनाफ़िक़ तबीयत वाले लोग खुलकर कहने लगे कि "مَا وَعَدَنَا اللّٰهُ وَرَسُوْلُهٗۤ اِلَّا غُرُوْرًا" (अहज़ाब : 13), अर्थात "ऐसा मालूम होता है कि अल्लाह और उसके रसूल के मुसलमानों की विजय के वादे केवल झूठे ही थे।" कुछ मुनाफिक़ीन ने हज़रत पैग़ंबर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ख़िदमत में आकर कहना शुरू किया, 'या रसूलुल्लाह! शहर में हमारे मकान बिल्कुल असुरक्षित हैं, कृपया हमें अनुमति दें ताकि हम अपने घरों में ठहरकर उनकी हिफ़ाज़त कर सकें।' इसके उत्तर में ख़ुदाई वह्यी नाज़िल हुई : "وَمَا هِیَ بِعَوْرَةٍ ۚ اِنْ يُّرِيْدُوْنَ اِلَّا فِرَارًا" (अहज़ाब : 14), अर्थात "यह गलत है कि इन्हें अपने घरों के असुरक्षित होने का ख्याल है, बल्कि हकीकत यह है कि वे युद्ध के मैदान से भागने का बहाना ढूंढ रहे हैं।"

परंतु यही समय सच्चे मुसलमानों के ईमान के इज़हार का था। इसलिए क़ुरआन कहता है: "وَلَمَّا رَاَ الْمُؤْمِنُوْنَ الْاَحْزَابَ قَالُوْا هٰذَا مَا وَعَدَنَا اللّٰهُ وَرَسُوْلُهٗ وَصَدَقَ اللّٰهُ وَرَسُوْلُهٗ وَمَا زَادَهُمْ اِلَّاۤ اِيْمَانًا وَّتَسْلِيْمًا" (अहज़ाब: 23)। जब मोमिनों ने काफिरों की इस भारी फ़ौज को देखा तो उन्होंने कहा कि 'यह तो सब वही है, जो अल्लाह और उसके रसूल ने हमसे वादा किया था, और अल्लाह और उसका रसूल बिल्कुल सच्चे हैं।"

इस हमले से भी उनके ईमान और समर्पण में केवल इज़ाफ़ा हुआ। परंतु मौके की नज़ाकत और हालात की गंभीरता का सभी को बराबर अहसास था। इसलिए अल्लाह तआला फ़रमाता है: "اِذْ جَآءُوْكُمْ مِّنْ فَوْقِكُمْ وَمِنْ اَسْفَلَ مِنْكُمْ وَاِذْ زَاغَتِ الْاَبْصَارُ وَبَلَغَتِ الْقُلُوْبُ الْحَنَاجِرَ وَتَظُنُّوْنَ بِاللّٰهِ الظُّنُوْنَا ۔ هُنَالِكَ ابْتُلِيَ الْمُؤْمِنُوْنَ وَزُلْزِلُوْا زِلْزَالًا شَدِيْدًا" (अहज़ाब : 11-12)।

अर्थात "याद करो जब काफ़िरों की फ़ौज ऊपर से और नीचे से आकर तुम पर हमला करने लगी। जब घबराहट में तुम्हारी आँखें पथरा गईं और दिल हलक तक आ पहुँचे, और तुम (अपने-अपने अंदाज़ में) अल्लाह के बारे में अलग-अलग ख्यालात करने लगे। वह समय सच में मोमिनों के लिए एक कड़ा इम्तिहान था और मुसलमानों पर एक बहुत भारी झटका आया।"

ऐसे ख़तरनाक वक्त में मुसलमानों की थोड़ी सी जमाअत, जिसमें कुछ कमज़ोर तबीयत वाले लोग और कुछ मुनाफ़िक़ भी शामिल थे, कैसे मुक़ाबला कर सकती थी? उनके पास इतने लोग भी नहीं थे कि कमज़ोर जगहों पर ठीक से पहरा दे सकें। रात-दिन की कठिन ड्यूटी ने मुसलमानों को पूरी तरह थका दिया था। दूसरी तरफ़ बनू क़ुरैज़ा की गद्दारी की वजह से शहर के गलियों और मुहल्लों में पहरा मज़बूत करना भी ज़रूरी हो गया था ताकि औरतें और बच्चे सुरक्षित रह सकें।

काफ़िरों के सिपाही मुसलमानों को हर तरह से परेशान करने की कोशिश करते थे। कभी वे किसी कमज़ोर जगह पर हमला करते और मुसलमानों को उस जगह की हिफ़ाज़त के लिए इकट्ठा होना पड़ता, और उसी समय काफ़िर कहीं और हमला कर देते। कभी-कभी वे एक ही वक्त में दो-तीन जगहों पर हमला कर देते, जिससे मुसलमानों की जमाअत बिखर जाती और हालात नाज़ुक हो जाते। काफ़िरों का लश्कर कभी शहर की सीमा में घुसने की कोशिश करता। मुसलमान आमतौर पर तीरों के माध्यम से इन हमलों का उत्तर देते थे, परंतु कभी-कभी काफ़िरों के सिपाही दो हिस्सों में बँटकर हमला करते। एक हिस्सा तीरों की बौछार करके मुसलमानों को पीछे हटने पर मजबूर करता, जबकि दूसरा हिस्सा खंदक के किसी कमज़ोर हिस्से पर धावा बोलता और उसे कूदकर पार करने की कोशिश करता। यह जंग सुबह से लेकर शाम तक, बल्कि कभी-कभी रात के समय भी जारी रहती थी।"

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से लेखनी हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब एम.ए रज़ियल्लाहु अन्हु, पृष्ठ 585-586)

इतिहास में यह भी उल्लेख मिलता है कि एक मौके पर रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने ग़त्फ़ान के साथ सुलह के बारे में सहाबा, विशेष रूप से अंसार से राय ली थी। हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहिब रज़ियल्लाहु अन्हु ने इसकी तफ़्सील वर्णन करते हुए लिखा है :

"यह दिन मुसलमानों के लिए अत्यंत तकलीफ़देह, परेशान करने वाले और ख़तरनाक दिन थे। जैसे-जैसे यह घेराबंदी लंबी होती जा रही थी, मुसलमानों की ताक़त कम होती जा रही थी। हालाँकि उनके दिल ईमान और इख़्लास से भरे थे, लेकिन शरीर, जो माद्दी क़ानून के अधीन होता है, धीरे-धीरे कमज़ोर हो रहा था। जब हज़रत पैग़ंबर सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इन हालात को देखा, तो आपने अंसार के नेताओं, सअद बिन मुआज़ और सअद बिन उबादा को बुलाया और उन्हें पूरी स्थिति से अवगत कराया और उनसे राय मांगी कि हमें क्या करना चाहिए। आपने अपनी तरफ़ से यह भी वर्णन किया कि अगर तुम लोग चाहो तो यह भी संभव है कि क़बीला ग़त्फ़ान को मदीना के माल-ओ-मुसलसल में से कुछ हिस्सा देकर इस जंग को टाल दिया जाए।

सअद बिन मुआज़ और सअद बिन उबादा ने एक साथ उत्तर दिया, 'या रसूलुल्लाह! अगर इस बारे में आपको कोई ख़ुदाई वह्यी (प्रकाशना) हुई है तो हम सर-ए-तस्लीम ख़म करते हैं। आप इस प्रस्ताव पर काम कर सकते हैं।' आपने फ़रमाया, 'नहीं, मुझे इस मामले में कोई वह्यी नहीं हुई है। मैं तो सिर्फ़ तुम लोगों की तकलीफ़ की वजह से राय ले रहा हूँ।'

सअद बिन मुआज़ और सअद बिन उबादा ने उत्तर दिया, 'फिर हमारी राय यह है कि जब हमने शिर्क की हालत में कभी किसी दुश्मन को कुछ नहीं दिया, तो अब मुसलमान हो कर क्यों दें? वल्लाह! हम उन्हें तलवार की धार के सिवा कुछ नहीं देंगे।' अब तो सिर्फ़ जंग है।

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को अंसार की चिंता थी, क्योंकि वे मदीना के असली निवासी थे, और शायद इस मशवरे का मक़सद यही था कि अंसार की मानसिक स्थिति का पता चले कि क्या वे इन मुसीबतों से परेशान हैं या नहीं। और अगर वे परेशान हों, तो उन्हें तसल्ली दी जाए। इसलिए आपने सअद बिन मुआज़ और सअद बिन उबादा की राय को ख़ुशी से क़बूल किया और जंग जारी रही।"

(सीरत सीरत ख़ातमन नबिय्यीन सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम से लेखनी हज़रत मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब एम.ए रज़ियल्लाहु अन्हु, पृष्ठ 589-590)

जैसा कि पहले भी वर्णन हो चुका है, खंदक एक मज़बूत सुरक्षा दीवार के तौर पर काम कर रही थी, लेकिन इसका मतलब यह नहीं था कि मुसलमान पूरी तरह महफ़ूज़ थे। सबसे पहले, मुनाफ़िक़ और ख़ास तौर पर बनू क़ुरैज़ा जैसे लड़ाके मदीना के अंदर ही मौजूद थे। जब उन्होंने मुआहिदा तोड़ दिया, तो वे एक ख़तरनाक दुश्मन बन गए। दूसरी तरफ़, खंदक के बावजूद कुछ जगहों पर दुश्मन के हमले का ख़तरा था, जहाँ से दुश्मन खंदक पार कर अंदर आ सकता था।

इस परेशान करने वाली स्थिति के चलते जगह-जगह पहरे दिए जा रहे थे, और इस पहरे में ख़ुद नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम भी शरीक होते। आप ख़ुद निगरानी करते और सहाबा की हिम्मत बढ़ाते। यह सारा अमल दिन और रात चलता रहता। मदीना की ये रातें कड़ी सर्दी की थीं और भूख की मुश्किलें इसके अलावा थीं।

हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम खंदक की दरारों पर पहरा देने जाते थे। जब आपको सर्दी की तकलीफ़ होती, तो मेरे पास तशरीफ़ लाते, और जब आपका शरीर गरम हो जाता, तो फिर खंदक की दरार की तरफ़ तशरीफ़ ले जाते और फ़रमाते कि मुझे डर है कि लोग इस तरफ़ से आ सकते हैं। एक दिन आप इसी तरह आराम फ़रमा रहे थे, लेकिन इतने थके हुए थे कि फ़रमाया, 'काश! आज रात कोई नेक आदमी यहाँ पहरा दे देता।' तभी आपने हथियारों की आवाज़ सुनी। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने पूछा, 'कौन है?'

सअद बिन अबी वक़्क़ास रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा, 'या रसूलुल्लाह! मैं सअद हूँ। आपकी हिफ़ाज़त के लिए पहरा देने आया हूँ।' तो आपने अपनी हिफ़ाज़त के बजाय फ़रमाया, 'तुम वहाँ जाओ, जहाँ खंदक का एक हिस्सा कमज़ोर है, और वहाँ पहरा दो।'

रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के वफ़ादार सहाबा का आपके प्रति प्रेम और वफ़ादारी का यह अजीब रंग था कि वे कैसे खुद को पेश कर रहे थे, और दूसरी तरफ़ आप थे कि अपनी जान की बजाय दूसरों को तरजीह दे रहे थे। ऐसे शुजाअत (वीर), जिनको अपनी जान की कोई फ़िक्र नहीं थी, लेकिन अहल-ए-मदीना की फ़िक्र थी। अक्सर खुद आप जगह-जगह मौजूद होते और जब कभी स्वयं आराम करने के लिए तंबू में तशरीफ़ लाते, तो उसका अधिकतर हिस्सा सजदे में बिताते हुए और दुआएँ करते हुए नज़र आते।"

हज़रत उम्मे सलमा रज़ियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं कि मैं रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ ख़ंदक के मौके पर मौजूद थी और हम कड़ी सर्दी में थे। मैंने एक रात देखा कि आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम खड़े हुए और अपने ख़ेमे में जितनी अल्लाह ने चाहा, उतनी लंबी नमाज़ पढ़ी। फिर मैंने देखा कि आप थोड़ी देर के लिए ख़ेमे से बाहर तशरीफ़ ले गए। फिर मैंने आपको यह कहते सुना कि ये मुशरिकों के घुड़सवार ख़ंदक पार करने की कोशिश कर रहे हैं। फिर आपने अब्बाद बिन बिश्र रज़ियल्लाहु अन्हु को पुकारा, तो उन्होंने कहा, "लब्बैक! मैं हाज़िर हूँ।" आपने पूछा, "क्या तुम्हारे साथ और भी कोई है?" उन्होंने कहा, "जी हाँ, मेरे साथ कुछ साथी हैं जो आपके ख़ेमे के आस-पास पहरा दे रहे हैं।" आपने फ़रमाया, "अपने साथियों को लेकर ख़ंदक का चक्कर लगाओ। ये मुशरिकों के घुड़सवार ख़ंदक का चक्कर लगा रहे हैं। उनकी यह ख्वाहिश है कि वे तुम पर ग़फ़लत (लापरवाही) में हमला करें।"

फिर आपने यह दुआ फ़रमाई :

اَللّٰهُمَّ فَادْفَعْ عَنَّا شَرَّهُمْ، وَانْصُرْنَا عَلَيْهِمْ، وَاغْلِبْهُمْ، فَلَا يَغْلِبُهُمْ اَحَدٌ غَيْرُكَ۔

"अल्लाहुम्मा फ़ादफ़ा अन्ना शर्राहुम, वंसुर्ना अलैहिम, वअग़ालिबहुम, फ़ला युग़ालिबहुम अहदुन ग़ैरुक।" (हे अल्लाह! हमें उनके शर (बुराई) से बचा और उनके खिलाफ हमारी मदद कर और उन्हें पराजित कर, तुझसे बेहतर कोई उन्हें पराजित नहीं कर सकता।)

अब्बाद अपने साथियों के साथ गए, तो अबू सुफ़ियान बिन हरब अपने साथियों के साथ ख़ंदक की तंग जगह का चक्कर लगा रहा था। मुसलमानों को उनका पता चल गया, तो उन्होंने उन पर पत्थर और तीर चलाए, जिससे वे अपनी जगहों पर वापस लौट गए। हज़रत अब्बाद रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि मैं वापस रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की खिदमत में हाज़िर हुआ। मैंने देखा कि आप नमाज़ पढ़ रहे थे, तो मैंने आपको सारी खबर दी।

हज़रत उम्मे सलमा रज़ियल्लाहु अन्हा बयान करती हैं कि अल्लाह अब्बाद बिन बश्र पर रहमत करे। वे समस्त सहाबा में सबसे ज़्यादा रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के ख़ेमे के पास रहते थे और हमेशा आपका पहरा देते थे। (सबुलुल्-हुदा वल-रिशाद, भाग 4, पृष्ठ 374-375, दारुल कुतुब अल्-इल्मिया, बेरूत)

हज़रत मिर्ज़ा बशीरुद्दीन महमूद अहमद रज़ियल्लाहु अन्हु बयान फ़रमाते हैं कि रसूले करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की जुर्रत और मुसलमानों की ख़ैरख़्वाही का यह हाल था कि आप सर्दी में रात को उठ-उठकर उस जगह जाते और पहरा देते। हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा फ़रमाती हैं कि आप पहरा देते हुए थक जाते और सर्दी से निढाल हो जाते, तो वापस आकर थोड़ी देर मेरे साथ लिहाफ़ में लेट जाते, लेकिन जैसे ही शरीर गरम होता, फिर उस दरार की हिफ़ाज़त के लिए चले जाते। इस तरह लगातार जागने से आप एक दिन पूरी तरह थक गए और रात के वक़्त फ़रमाया, "काश! इस वक़्त कोई मुखलिस मुसलमान होता, तो मैं आराम से सो जाता।" इतने में बाहर से सअद बिन वक़्क़ास की आवाज़ आई। आपने पूछा, "तुम क्यों आए हो?" उन्होंने कहा, "आपका पहरा देने के लिए।" आपने फ़रमाया, "मुझे पहरे की ज़रूरत नहीं है, तुम वहाँ जाओ जहाँ ख़ंदक का किनारा टूट गया है, और वहाँ पहरा दो ताकि मुसलमान महफ़ूज़ रहें।"

इसी तरह के दिनों में आपने एक दिन कुछ लोगों के हथियारों की आवाज़ सुनी और पूछा, "कौन है?" तो अब्बाद बिन बश्र ने कहा, "मैं हूँ।"

(माख़ूज़ अज़ दीबाचा तफ़्सीरुल क़ुरआन, अनवारुल उलूम, भाग 20, पृष्ठ 279)

(सीरतुल हल् बिया, भाग 3, पृष्ठ 25, दारुल मआरिफा, बेरूत)

इस युद्ध के दौरान हज़रत सफ़ियाह (रज़ियल्लाहु अन्हा) की बहादुरी की घटना भी मिलती है। इसकी जानकारी में लिखा गया है कि हज़रत मोहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) की पत्नियाँ और उनकी फूफी हज़रत सफ़ियाह बिन्त अब्दुल मुत्तलिब (रज़ियल्लाहु अन्हा) अन्य महिलाओं के साथ एक किले में थीं, जिसे फ़ारिक कहा जाता था। अर्थात हज़रत मोहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) की पत्नियाँ, उनकी फूफी, हज़रत मोहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) के करीबी रिश्तेदार और अन्य महिलाएँ भी उस किले में थीं और हज़रत हसन बिन साबित (रज़ियल्लाहु अन्हो) वहाँ के नज़र रखने वाले थे। जब बनू क़ुरैज़ा ने अपनी वफ़ादारी तोड़ने का ऐलान किया, तो वहाँ के यहूदी भी किसी न किसी तरीके से मुसलमानों को नुकसान पहुँचाने की कोशिशों में जुट गए। हज़रत सफ़ियाह (रज़ियल्लाहु अन्हा), जो हज़रत मोहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) की फूफी हैं, बयान करती हैं कि एक बार दस यहूदी आए। वे हमारे किले के चारों ओर चक्कर लगाने लगे, जैसे किसी मौके की तलाश में हों कि कब और कहाँ से अंदर जाया जा सकता है। इतने में एक यहूदी किले की दीवार के बिल्कुल करीब आया। मैं उसे देख रही थी। मैंने हसन से कहा कि ऐ हसन! वहाँ जाओ और इस यहूदी का मुकाबला करो। तो उसने कहा, ऐ अब्दुल मुत्तलिब की बेटी! अल्लाह की कसम! आप जानती हैं कि मैं ऐसा आदमी नहीं हूँ। अगर मुझ में यह हिम्मत होती, तो मैं रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) के साथ जाता। हज़रत सफ़ियाह (रज़ियल्लाहु अन्हा) फरमाती हैं कि जब हसन ने यह कहा, तो मैंने वहाँ से एक लकड़ी उठाई, किले से उतरी और उस आदमी के सिर पर जो चक्कर लगा रहा था, इतनी जोर से लकड़ी मारी कि उसका सिर फट गया, जिससे वह वहीं ढेर हो गया। मैं वापस आई और हसन से कहा कि नीचे उतरकर उसका सामान ले आओ, अर्थात जो कुछ उसके पास है, वह बतौर ग़निमत ले आओ। हसन ने कहा, ऐ अब्दुल मुत्तलिब की बेटी! मुझे उसके सामान की कोई जरूरत नहीं। तो मैंने कहा, इसका सिर काटकर यहूदियों पर फेंक दो, ताकि वे डर जाएँ और फिर इधर का रुख न करें। हज़रत हसन (रज़ियल्लाहु अन्हो) ने कहा कि मुझ में इतनी हिम्मत नहीं है, तो सफ़ियाह ने उसका सिर काटकर यहूदियों की तरफ फेंक दिया। (फिर खुद गईं, उस आदमी का सिर काटा और दीवार के पार फेंक दिया।) इस पर यहूदी डर गए और कहने लगे कि हम जानते थे कि मोहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) महिलाओं को अकेला नहीं छोड़ सकते, यकीनन उनके साथ यहाँ सुरक्षा मौजूद है और वे लोग वहाँ से भाग गए। रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) को इसकी खबर दी गई, तो आपने ग़निमत में से हज़रत सफ़ियाह (रज़ियल्लाहु अन्हा) के लिए हिस्सा निर्धारित किया, जैसे मर्दों के लिए हिस्सा निर्धारित किया जाता है।

(सबलुल् हुदा वल-रिशाद, खंड 4, पृष्ठ 371-372, दारुल कुतुब अल्-इल्मिया, बेरुत)

सीरत ख़ातमन नबिय्यीन (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) में इसका उल्लेख करते हुए हज़रत मिर्जा बशीर अहमद (रज़ियल्लाहु अन्हो) लिखते हैं कि "शहर में महिलाओं और बच्चों का यह हाल था कि हज़रत मोहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) ने उन्हें आमतौर पर शहर के एक खास हिस्से में, जो एक प्रकार के किले का रंग रखता था, इकट्ठा कर दिया। लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त मुसलमान को तैनात नहीं किया जा सका, खासकर ऐसे समय में जब युद्ध के मैदान में दुश्मन के हमलों का ज्यादा जोर होता था, मुसलमान महिलाएँ और बच्चे लगभग पूरी तरह असुरक्षित स्थिति में रह जाते थे, और उनकी सुरक्षा के लिए केवल वे पुरुष रह जाते थे जो किसी कारण से युद्ध के लिए सक्षम नहीं थे। चूंकि किसी ऐसे ही मौके का फायदा उठाकर यहूदियों ने शहर के इस हिस्से पर हमला करने की योजना बनाई, जहाँ महिलाएँ और बच्चे इकट्ठा थे, और जासूसी के लिए उन्होंने अपने एक आदमी को इस मोहल्ले में भेजा। उस समय संयोगवश महिलाओं के करीब केवल एक साथी हसन बिन साबित शायर मौजूद थे, जो दिल की असामान्य कमज़ोरी के कारण युद्ध के मैदान में जाने के योग्य नहीं थे। जब महिलाओं ने इस दुश्मन यहूदी को ऐसे संदिग्ध हालात में अपने ठिकाने के आसपास घूमते देखा, तो हज़रत सफ़ियाह बिन्त अब्दुल मुत्तलिब, जो हज़रत मोहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) की फूफी थीं, ने हसन से कहा कि यह व्यक्ति एक दुश्मन यहूदी है और यहाँ जासूसी और शरारत के लिए घूम रहा है। इसे मार दो ताकि वापस जाकर यह किसी फसाद का कारण न बने। लेकिन हसन को इस की हिम्मत न हुई, जिसके कारण हज़रत सफ़ियाह ने खुद आगे बढ़कर इस यहूदी का मुकाबला किया और उसे मारकर गिरा दिया। फिर उन्हीं की सलाह से यह तय किया गया कि इस यहूदी जासूस का सिर काटकर किले की उस दिशा में गिरा दिया जाए, जहाँ यहूदी इकट्ठा थे, ताकि यहूदी मुसलमान महिलाओं पर हमला करने की हिम्मत न कर सकें और वे यह समझें कि उनकी सुरक्षा के लिए इस जगह पर्याप्त पुरुष मौजूद हैं। इस प्रकार यह योजना सफल हुई और इस मौके पर यहूदी लोग डरकर वापस चले गए।"

(सीरत ख़ातमन नबिय्यीन, हज़रत मिर्जा बशीर अहमद (रज़ियल्लाहु अन्हो), एम.ए. पृष्ठ 590-591)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु ने भी इस घटना का उल्लेख किया है। वह फ़रमाते हैं, "बनू क़ुरैज़ा इस ताक में थे कि कोई मौक़ा मिले तो बिना मुसलमानों को शक में डाले वे मदीना में घुसकर औरतों और बच्चों को क़त्ल कर दें। एक दिन, बनू क़ुरैज़ा ने एक जासूस भेजा ताकि वह देख सके कि औरतें और बच्चे अकेले हैं या उनकी हिफ़ाज़त के लिए सैनिक तैनात हैं। वह जासूस उस ख़ास इलाक़े के पास पहुँचा, जहाँ वे ख़ास परिवार जो दुश्मनों से ज़्यादा ख़तरे में थे, इकट्ठा किए गए थे। उसने चारों तरफ़ देखना शुरू किया कि कहीं मुसलमान सैनिक छुपे हुए तो नहीं हैं। वह अभी इसी घात में था कि पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) की फ़ूफ़ी हज़रत सफ़िया (रज़ियल्लाहु अन्हा) ने उसे देख लिया। इत्तेफ़ाक़ से उस समय वहाँ सिर्फ़ एक ही मुसलमान मर्द मौजूद था, और वह भी बीमार था। हज़रत सफ़िया (रज़ियल्लाहु अन्हा) ने उससे कहा, 'यह आदमी काफ़ी देर से औरतों के इलाके में घूम रहा है और जाने का नाम नहीं ले रहा, यह यक़ीनन एक जासूस है। तुम इसका मुक़ाबला करो, वरना दुश्मन यहाँ के हालात जानकर हमला कर सकता है।' उस बीमार सहाबी ने ऐसा करने से इन्कार कर दिया। तब हज़रत सफ़िया (रज़ियल्लाहु अन्हा) ने खुद एक बड़ा बांस लेकर उस जासूस का सामना किया और दूसरी औरतों की मदद से उसे मारने में कामयाब हो गईं। बाद में जांच करने पर पता चला कि वह यहूदी था और बनू क़ुरैज़ा का जासूस था। तब मुसलमान और ज़्यादा घबरा गए और समझे कि अब मदीना का यह इलाक़ा भी महफ़ूज़ नहीं है। परंतु सामने की तरफ़ से दुश्मन का इतना ज़ोर था कि अब वह इस तरफ़ की हिफ़ाज़त के लिए कोई इंतज़ाम नहीं कर सकते थे, फिर भी पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) ने औरतों की हिफ़ाज़त को प्राथमिकता दी और बारह सौ सैनिकों में से पाँच सौ को औरतों की हिफ़ाज़त के लिए शहर में तैनात कर दिया, जबकि खंदक की हिफ़ाज़त और दुश्मन की अठारह-बीस हज़ार की फौज का मुक़ाबला करने के लिए सिर्फ़ सात सौ सैनिक बचे।"

हज़रत अली (रज़ियल्लाहु अन्हु) का अम्र बिन अब्द वुद आमिरी को क़त्ल करने का वाक़या भी मिलता है। इसकी तफ़सील कुछ यूँ है कि जब काफ़िरों की फौज ने मदीना का घेराव किया हुआ था, तो उनके सरदारों ने आपसी राय से हमला करने का फ़ैसला किया। वे खंदक में ऐसी तंग जगह की तलाश करने लगे, जहाँ से वे अपने सवारों को पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) और उनके सहाबा तक पहुँचा सकें। आख़िरकार, वे लोग एक ऐसे तंग हिस्से पर पहुँच गए, जहाँ मुसलमान बेख़बर थे। अक्रमा बिन अबू जहल, नोफ़ल बिन अब्दुल्लाह, ज़िरार बिन ख़त्ताब, हुबैराह बिन अबू वहब और अम्र बिन अब्द वुद ने उस जगह से खंदक को पार कर लिया। अम्र बिन अब्द वुद इतना बहादुर था कि उसे अरब में एक हज़ार मर्दों के बराबर समझा जाता था। वह जंग-ए-बद्र में ज़ख़्मी हुआ था और उन्हीं ज़ख्मों की वजह से वह जंग-ए-उहद में शामिल नहीं हो सका था। उसने क़सम खाई थी कि जब तक पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) को (नौज़ुबिल्लाह) क़त्ल न कर ले, अपने सिर पर तेल नहीं लगाएगा। उसने बड़े घमंड से ललकारा। खंदक पार करके उसने ऊँची आवाज़ में नारा लगाया और मुसलमानों को ललकारा, 'ऐ जन्नत की ख़्वाहिश रखने वालो, आओ! मैं तुम्हें जन्नत में पहुँचा दूँ, या तुम मुझे जहन्नम में भेज दो।' जब उसके मुक़ाबले पर कोई न खड़ा हुआ, तो हज़रत अली (रज़ियल्लाहु अन्हु) उठना चाहा, लेकिन पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) ने उन्हें रोकते हुए कहा, 'अली, तुम्हारा मुकाबला अम्र बिन अब्द वुद से है।' लेकिन जब उसने दूसरी या तीसरी बार आवाज़ दी, तो हज़रत अली (रज़ियल्लाहु अन्हु) उठ खड़े हुए। इस बार पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) ने उन्हें नहीं रोका। फिर पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) ने अपना अमामा उनके सिर पर बाँधा, अपनी तलवार दी और दुआ के साथ उन्हें मुक़ाबले पर भेजा। हज़रत अली (रज़ियल्लाहु अन्हु) आगे बढ़े और अम्र से कहा, 'मैंने सुना है कि तुमने ये कसम खाई है कि अगर क़ुरैश में से कोई शख़्स तुमसे दो बातें कहेगा, तो तुम उनमें से एक ज़रूर मानोगे।' अम्र ने कहा, 'हाँ।' हज़रत अली (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने कहा, 'तो पहली बात मैं तुमसे ये कहता हूँ कि मुसलमान हो जाओ और पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) को मानकर ख़ुदाई इनामात के वारिस बनो।' अम्र ने कहा, 'ये मुमकिन नहीं है।' हज़रत अली (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने कहा, 'अगर ये बात मंज़ूर नहीं है, तो फिर आओ, मेरे साथ लड़ने के लिए तैयार हो जाओ।' इस पर अम्र हंसने लगा और कहने लगा, 'मुझे नहीं लगता था कि कोई शख़्स मुझसे ऐसा कह सकता है।' फिर उसने हज़रत अली (रज़ियल्लाहु अन्हु) का नाम और नसब पूछा। जब हज़रत अली (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने अपना नाम बताया, तो उसने कहा, 'तुम्हारा बाप मेरा दोस्त था। इसलिए तुम चले जाओ और किसी बड़े को भेजो।' हज़रत अली (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने कहा, 'तुम मेरा खून बहाना नहीं चाहते, परंतु मुझे तुम्हारा खून बहाने में कोई हिचकिचाहट नहीं है।' इस पर अम्र जोश में आकर अपने घोड़े से कूदा, उसकी टांगें काट दीं और घोड़े को मार दिया। फिर वह मुकाबले के लिए नीचे उतरा और दीवानों की तरह हज़रत अली (रज़ियल्लाहु अन्हु) की तरफ़ बढ़ा। उसने इतनी ज़ोर से तलवार चलाई कि वह हज़रत अली (रज़ियल्लाहु अन्हु) की ढाल को चीरती हुई उनकी पेशानी पर लगी और उन्हें ज़ख़्मी कर दिया। लेकिन उसी वक़्त हज़रत अली (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने 'अल्लाहु अकबर' का नारा लगाते हुए ऐसा वार किया कि अम्र का बचाव न हो सका और हज़रत अली (रज़ियल्लाहु अन्हु) की तलवार उसके कंधे को काटती हुई नीचे उतर गई, और वह तड़पकर गिर पड़ा और उसकी जान निकल गई।"

कुछ रिवायतों में यह भी आता है कि दो बातों के बजाय, उनसे कहा गया था कि तीन बातों में से एक मान लो। पहली बात यह थी कि तुम वापस लौट जाओ। जब हज़रत अली (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने यह बात कही, तो उसमें यह भी था कि वापस लौट जाओ, जिस पर अम्र ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता। फिर दूसरी बात यह थी कि मुसलमान हो जाओ, और तीसरी थी कि फिर मुकाबले के लिए तैयार हो जाओ। अम्र के क़त्ल होने के बाद उसके बाकी साथी दहशत में आकर अपने घोड़ों पर भाग गए। हज़रत ज़ुबैर (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने उनका पीछा किया और नुफ़ल बिन अब्दुल्लाह को मार गिराया।

इसी तरह उनमें से एक और, हुबैराह बिन अबू वहब, जो हज़रत अली (रज़ियल्लाहु अन्हु) की बहन उम्म हानी का पति था, पर तलवार से ऐसा वार किया कि घोड़े की हंसली की हड्डी कट गई। एक दूसरी रिवायत के मुताबिक, अम्र के मारे जाने के बाद हुबैराह और ज़िरार बिन ख़त्ताब ने हज़रत अली (रज़ियल्लाहु अन्हु) पर हमला कर दिया, लेकिन उत्तरी हमले में दोनों भाग गए। हुबैराह तो अपनी ज़िरह छोड़कर भागा, जबकि उसे क़ुरैश का सबसे बेहतरीन घुड़सवार माना जाता था।

एक रिवायत के मुताबिक, ज़िरार बिन ख़त्ताब जो कि हज़रत उमर (रज़ियल्लाहु अन्हु) का भाई बताया गया है (हालांकि यह एक गलती है, वह उनके भाई नहीं थे), जब भागा, तो हज़रत उमर (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने उसका पीछा किया। ज़िरार अचानक रुका और हज़रत उमर (रज़ियल्लाहु अन्हु) पर भाला चलाने वाला था, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। उसने हज़रत उमर (रज़ियल्लाहु अन्हु) से कहा, "उमर! मेरा यह एहसान याद रखना कि मैंने तुम पर हमला नहीं किया।" हज़रत उमर (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने भी शायद इस एहसान को याद रखा होगा। ज़िरार का एहसान जो भी हो, यह अल्लाह का एहसान था कि बाद में मक्का की फ़तह के मौके पर ज़िरार इस्लाम ले आया और फिर इस्लामी युद्धों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उसने बहादुरी के कई कारनामे दिखाए और जंग-ए-यमामा में शहीद हो गया। कुछ के मुताबिक वह शहीद नहीं हुए, बल्कि इस्लाम पर लंबी उम्र बिताई और उसी पर उनकी मौत हुई।

अम्र बिन अब्द वुद के क़त्ल के बाद, काफ़िरों ने पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) की खिदमत में पैग़ाम भेजा कि वे उसकी लाश को दस हज़ार दिरहम के बदले में खरीद लेंगे। लेकिन पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) ने फ़रमाया, "उसे ले जाओ, हम मुर्दों की क़ीमत नहीं खाते।"

कुछ रिवायतों के मुताबिक, नुफ़ल बिन अब्दुल्लाह को एक अलग मौके पर मारा गया। इसका विवरण यह है कि एक दिन वह अपने घोड़े पर सवार होकर खंदक को पार करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन घोड़ा खंदक पार नहीं कर सका और सवार समेत उसमें गिर गया। इस वजह से अल्लाह ने उसे हलाक कर दिया, क्योंकि खंदक में गिरने से उसकी गर्दन की हड्डी टूट गई।

(माखूज़: सिरत-ए-ख़ातिमन-नबीयीन हज़रत साहबज़ादा मिर्ज़ा बशीर अहमद साहब एम.ए. पृष्ठ 588-589)

(अल-बिदायाह व अन-निहायाह, खंड 2, हिस्सा 4, पृष्ठ 115, दारुल कुतुब अल्-इल्मियाह, बेरूत)

(सबलुल् हुदा, खंड 4, पृष्ठ 377-378, दारुल कुतुब अल्-इल्मियाह, बेरूत)

(सिरत-ए-हलबिया, खंड 3, पृष्ठ 20, दारुल मआरिफ़, बेरूत)

(तबकातुल् कुबरा, हिस्सा 2, पृष्ठ 283, दारुल कुतुब अल्-इल्मियाह, बेरूत)

(ग़ज़वा अहज़ाब, बशमील, पृष्ठ 225, नफ़ीस अकादमी, कराची)

(अल-इसाबा फी तमीज़ अस-सहाबा, खंड 3, पृष्ठ 392, दारुल कुतुब अल्-इल्मियाह, बेरूत, लेबनान, 1995)

(अस-सीरह अन-नबवी, अबू अल-हसन अन्नदवी, हिस्सा 1, पृष्ठ 353, मक्तबा अश-शामिला)

मशरिकीन ने उसकी लाश लेने के लिए अपना वफ़्द भेजा और पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) को दीयत की पेशकश की। लेकिन पैगंबर मुहम्मद

(सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) ने फ़रमाया, "हमें इसकी दीयत की कोई ज़रूरत नहीं है, और हम तुम्हें उसे दफ़नाने से नहीं रोकते।"

(सबलुल् हुदा व अर-रशाद, खंड 4, पृष्ठ 380, दारुल कुतुब अल्-इल्मियाह, बेरूत)

हज़रत मुस्लेह मौऊद (रज़ियल्लाहु अन्हु) ने नुफ़ल के क़त्ल के वाक़े को इस तरह बयान किया है। आप (रज़ियल्लाहु अन्हु) बयान करते हैं:

"दुश्मन जो खंदक पर हमला कर रहे थे, कभी-कभी उसमें कूदने में कामयाब हो जाते थे। एक दिन क़ुरैश के कुछ बड़े-बड़े जनरल खंदक पार करके दूसरी तरफ आ गए, लेकिन मुसलमानों ने ऐसा ज़बरदस्त हमला किया कि उनके पास वापस जाने के अलावा कोई चारा न रहा। उसी दौरान, खंदक पार करते समय, काफ़िरों का एक बहुत बड़ा सरदार, जिसका नाम नुफ़ल था, मारा गया। यह इतना बड़ा सरदार था कि काफ़िरों को यह डर हुआ कि अगर इसकी लाश की बेअदबी हुई तो अरब में उनके लिए कहीं मुंह दिखाने की जगह नहीं बचेगी। इसलिए उन्होंने रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) के पास एक संदेश भेजा कि अगर आप इसकी लाश लौटा दें, तो वे आपको दस हज़ार दिरहम देने को तैयार हैं। उनका खयाल था कि जिस तरह हमने मुसलमानों के सरदारों और खुद रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) के चाचा के कान और नाक उहद की लड़ाई में काट दिए थे, उसी तरह आज मुसलमान हमारे इस सरदार की नाक और कान काटकर हमारी कौम की बेइज़्ज़ती करेंगे। लेकिन इस्लाम के तो बिलकुल अलग उसूल हैं। इस्लाम लाशों की बेअदबी की इजाज़त नहीं देता। जब काफ़िरों का संदेश रसूले करीम (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) के पास पहुंचा, तो आपने फरमाया, 'इस लाश का हम क्या करेंगे? यह लाश हमारे किस काम की है कि इसके बदले हम तुमसे कोई कीमत लें? अपनी लाश—जो इस आदमी की है—खुशी से उठा कर ले जाओ। हमें इसका कोई लेना-देना नहीं है।"

(दीबाचा तफ़सीरुल-क़ुरआन, अनवार-उल-उलूम, खंड 20, पृष्ठ 277-278)आगे इसकी और भी तफ़सीलें मिलेंगी, इन् शा अल्लाह।

इस हफ्ते आज से लज्ना (महिला संगठन) और अंसार (वृद्ध संगठन) के इज्तिमा (समारोह) भी शुरू हो रहे हैं। जिस तरह मैंने ख़ुद्दाम को कहा था, उसी तरह लज्ना और अंसार से भी यही कहता हूँ कि इन दिनों में विशेष रूप से दुआओं में ज़्यादा वक्त गुजारें और दरूद शरीफ़ पढ़ने पर ध्यान दें।

अल्लाह तआला आप सबको इसकी तौफ़ीक़ दे और इज्तिमा के मकसद को पूरा करने की कोशिश करें, न कि सिर्फ़ मनोरंजक कार्यक्रमों या बातचीत में समय बर्बाद करें।

अल्लाह तआला हर लिहाज़ से इसे बर्कत वाला बनाए।

(अल-फ़ज़्ल इंटरनेशनल, 18 अक्टूबर 2024, पृष्ठ 2 से 6)

★ ★ ★

पृष्ठ12का शेष भाग

इस यात्रा के लिए जारी किए गए बोर्डिंग पास पर भी Khilafat Flight 2022 लिखा हुआ था। फ्लाइट का नंबर KF2022- था। बोर्डिंग पास पर यह शब्द दर्ज थे: " Ahmadiyya Muslim Community USA 2020-1920 .100 Centennial Khilafat Flight 2022 in the Company of Hazrat Mirza Masroor Ahmad Khalifatul Masih V(aba)।"

हज़ूर-ए-अनवर का एयरपोर्ट पर आगमन 11:40 बजे हुआ। विमान को एयरपोर्ट के एक प्राइवेट क्षेत्र में पार्क किया गया था, जहां से हज़ूर-ए-अनवर और हज़रत बेगम साहिबा विशेष व्यवस्था के तहत विमान में सवार हुए।

विमान डलास के फोर्ट वर्थ इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 12:10 बजे बाल्टीमोर (Baltimore) के इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए रवाना हुआ। लगभग दो घंटे और 35 मिनट की उड़ान के बाद, विमान बाल्टीमोर (मैरीलैंड) में स्थानीय समय के अनुसार 3:45 बजे उतरा। मैरीलैंड का समय डलास (टेक्सास) से एक घंटा आगे है।

4 बजे हज़ूर-ए-अनवर एयरपोर्ट से बाहर तशरीफ़ लाए, जहां श्रीमान फ़लाहुद्दीन शम्स साहिब (नायब अमीर अमेरिका), श्रीमान मुख़्तार अहमद मलही साहिब (नेशनल जनरल सेक्रेटरी), श्रीमान सय्यद शमशाद अहमद नासिर (मौलवी सिलसिला अमेरिका), और श्रीमान डॉक्टर अदील अब्दुल्लाह साहिब (सदर मजलिस ख़ुद्दामुल् अहमदिया अमेरिका) ने हज़ूर-ए-अनवर का स्वागत किया। इसके बाद, एयरपोर्ट से जमाअत-ए-अहमदिया अमेरिका के केंद्र मस्जिद बैतुर्रहमान के लिए प्रस्थान हुआ।

अपने प्यारे आका के स्वागत और हज़ूर-ए-अनवर का दीदार करने के लिए अमेरिका के इस क्षेत्र के दूर-दराज़ शहरों और बस्तियों से हज़ारों लोग सुबह से ही बैतुर्रहमान पहुंचने लगे थे। वहां मर्द, औरतें, बच्चे और बुजुर्गों का एक विशाल हुजूम जमा था, जो अपने प्यारे और महबूब आका के दीदार के लिए बेचैन था।

मैरीलैंड, बाल्टीमोर, और वाशिंगटन के अलावा, दक्षिण वर्जीनिया, उत्तर वर्जीनिया, न्यूयॉर्क, फिलाडेल्फिया, लॉस एंजिलिस, शिकागो, ह्यूस्टन, डेट्रॉइट, और अन्य स्थानों से जमाअतों के सदस्य पहुंचे थे। इसके अलावा, मेक्सिको और प्यूर्टो रिको से भी लोग अपने प्यारे आका के स्वागत के लिए आए थे। कई जमाअतों और क्षेत्रों से लोग लंबी यात्राएं करके यहां पहुंचे थे, जैसे मियामी से 1078 मील, तुलसा से 1220 मील, ह्यूस्टन से 1422 मील और लॉस एंजिलिस से 2653 मील की दूरी तय करके लोग पहुंचे थे।

इसके अलावा, कनाडा, ब्रिटेन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, और अन्य देशों से भी लोग हज़ूर-ए-अनवर की आमद के इंतजार में थे। इनमें से कई लोग ऐसे थे, जिन्होंने पहली बार हज़ूर-ए-अनवर को नजदीक से देखने का मौका पाया। एम.टी.ए (MTA) के कैमरे इस पूरे स्वागत के दृश्य को रिकॉर्ड कर रहे थे।

अंततः वह बर्बरकत और यादगार लम्हा आ गया जब ठीक 4:30 बजे हज़ूर-ए-अनवर की गाड़ी मुख्य गेट से अंदर दाखिल हुई। हज़ूर-ए-अनवर गाड़ी से नीचे उतर आए और अपने हाथ ऊंचा करके सबको "अस्सलामु अलैकुम" कहा। दूसरी तरफ, हर मर्द, औरत, बच्चे, और बुजुर्ग ने उत्साह से अपने हाथ उठाए। लोग लगातार बड़े जोशीले अंदाज़ में नारे लगा रहे थे। चारों तरफ से "अस्सलामु अलैकुम हज़ूर" की आवाजें गूंज रही थीं। बच्चे-बच्चियां समूहों में स्वागत गीत गा रहे थे। हज़ूर-ए-अनवर, भीड़ के बीच से गुजरते हुए, अपने हाथ ऊंचा करके उनके नारों और सलाम का उत्तर दे रहे थे। वहां खुशी और मोहब्बत का माहौल था, और इश्क़ और फिदाइयत की नई कहानियां लिखी जा रही थीं।

हज़ूर-ए-अनवर अय्यदहुल्लाहु त'आला बिनस्रिहिल-अज़ीज़ के ठहरने का इंतज़ाम मस्जिद बैत-उर-रहमान के परिसर में स्थित गेस्ट हाउस में किया गया था। हज़ूर-ए-अनवर जमाअत के लोगों के बीच से गुजरते हुए अपनी रिहाइशगाह पर पहुंचे।

शाम 5:20 बजे , हज़ूर-ए-अनवर ने मस्जिद बैतुर्रहमान में तशरीफ लाकर ज़ोहर और अस्र की नमाज़ों को मिलाकर अदा किया। हज़ूर-ए-अनवर की इमामत में 2500 से ज्यादा मर्दों और औरतों ने नमाज़ पढ़ने की सआदत पाई।

जब हज़ूर-ए-अनवर नमाज़ अदा करने आ रहे थे, तो कुछ औरतें और बच्चे तेजी से उस रास्ते की ओर बढ़े, जहां से हज़ूर-ए-अनवर का गुजरना था। इस दौरान एक बच्चा मुँह के बल गिर गया। हज़ूर-ए-अनवर ने हिदायत दी कि पता किया जाए कि उस बच्चे को चोट तो नहीं लगी। जब हज़ूर-ए-अनवर नमाज़ अदा करके वापस जा रहे थे, तो उस बच्चे की माँ उसे लेकर रास्ते में खड़ी थी। हज़ूर-ए-अनवर ने बड़ी शफकत से उस बच्चे का हाल पूछा, उसके चेहरे पर हाथ रखा, और उसे दुआ दी। बाद में, हज़ूर-ए-अनवर अपनी रिहाइशगाह पर तशरीफ ले गए।

जमाअत-ए-अहमदिया अमेरिका के इस केंद्रीय सेंटर का कुल क्षेत्रफल लगभग 18 एकड़ है। यहां जमाअत की सबसे बड़ी मस्जिद, "मस्जिद बैत-उर-रहमान" , का निर्माण 1994 में पूरा हुआ था। इस मस्जिद में लगभग 1500 लोग नमाज़ अदा कर सकते हैं। इस केंद्रीय परिसर में मस्जिद के अलावा जमाअत के दफ्तर, मिशन हाउस, मल्टी-परपस हॉल, लाइब्रेरी, मीटिंग रूम, केंद्रीय किचन, बुक स्टोर, गेस्ट हाउस, और विभिन्न रिहायशी अपार्टमेंट्स भी हैं। इसके अलावा, Masroor Teleport Earth Station MTA और MTA USA स्टूडियो भी बनाए गए हैं।

हज़ूर-ए-अनवर के ठहरने के दौरान, विभिन्न स्थानों पर बड़े-बड़े टेंट लगाए गए थे, जिनमें कुछ नमाज़ अदा करने के लिए थे और कुछ में भोजन का इंतज़ाम किया गया था। एक समय में हज़ारों लोगों को भोजन कराने की व्यवस्था की गई थी। मर्दों और औरतों की अलग-अलग रजिस्ट्रेशन और COVID19- टेस्ट के लिए भी अलग-अलग इंतज़ाम किए गए थे। इस समय, सैकड़ों ख़ुद्दाम और लजनाः की कार्यकर्ताएँ विभिन्न ड्यूटियों को अंजाम दे रही थीं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी विभिन्न विभाग काम कर रहे थे।

"मस्जिद बैतुर्रहमान" को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था, जिससे एक बहुत खूबसूरत दृश्य उत्पन्न हो रहा था। शाम होते ही मस्जिद के आस-पास का पूरा इलाका रोशन हो जाता था।

कार्यक्रम के अनुसार, रात 8 बजे, हज़ूर-ए-अनवर अय्यदहुल्लाहु त'आला बिनस्रिहिल-अज़ीज़ ने मस्जिद बैत-उर-रहमान में तशरीफ लाकर मगरिब और इशा की नमाज़ों को मिलाकर अदा किया। नमाज़ों की अदायगी के बाद, हज़ूर-ए-अनवर अपनी रिहाइशगाह पर तशरीफ ले गए।

शेष ..

★ ★ ★

कुछ लोग यह भी कहते हैं कि चंद्र ग्रहण के समय गर्भवती महिला को नहीं सोना चाहिए और न ही कोई चाकू, छुरी आदि का इस्तेमाल करना चाहिए। इस बात की क्या सच्चाई है?

क्या सुन्नत और नफ्ल नमाज़ों की तीसरी और चौथी रकातों में सूरः फातेहा के साथ कुरआन-ए-करीम का कोई हिस्सा पढ़ना ज़रूरी है?

हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम का यह कथन कि "मैं उस समय भीख़ातमन नबिय्यीन था जब हज़रत आदम अपनी उत्पत्ति के शुरुआती चरणों में थे," और हदीस-ए-क़ुद्सी "لَوْلَاكَ لَمَا خَلَقْتُ الْاَفْلَاكَ" की व्याख्या।

क्या किसी बीमार इंसान की जान बचाने के लिए सुअर के दिल का ट्रांसप्लांट इंसानी शरीर में करना जायज़ है?

# सय्यदना हज़रत अमीरुल मौमेनीन ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ से पूछे जाने वाले अहम प्रश्नों के उत्तर (क़िस्त-33)

प्रश्न: एक महिला ने हज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ (अल्लाह उनकी मदद और सहायता करें) की खिदमत में हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु की व्याख्या से गर्भवती महिलाओं पर चंद्र ग्रहण के प्रभाव के बारे में एक उद्धरण भेजा और पूछा कि कुछ लोग कहते हैं कि इस समय गर्भवती महिला न सोए और न ही कोई चाकू, छुरी आदि का इस्तेमाल करे। इसकी क्या वास्तविकता है? हज़ूर अनवर अय्यदहुल्लाहु तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़ (अल्लाह उनकी मदद और सहायता करें) ने 10 मार्च 2021 को अपने पत्र में इस प्रश्न का निम्नलिखित उत्तर दिया:

